बिहार पुलिस मुख्यालय
(विशेष कार्य बल)
दिनांक–13.10.2024

पटना जिला का कुख्यात वांछित अपराधकर्मी मुकेश कुमार उर्फ मुक्कु बाबा गिरफ्तार

- आज दिनांक 13.10.24 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम द्वारा पटना जिला का कुख्यात वांछित अपराधकर्मी मुकेश कुमार उर्फ मुक्कु बाबा पे0 रामानुज प्रसाद सा0 भिखना पहाड़ी सैदपुर कचरीगली थाना कदमकुआँ जिला पटना को दीघा (पटना) थाना कांड संख्या 420/24 दिनांक 04.07.2024 धारा 61/103/109 बी0एन0एस0 एवं 25(1–बी)ए/26/27/35 आर्म्स एक्ट में दानापुर थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।
- उल्लेखनीय है कि उक्त अपराधकर्मी दिनांक 03.07.2024 को बेऊर जेल में बंद कुख्यात अपराधी रवि गोप के भाई राजु राय पे0 सत्यनारायण राय सा0 रामजी चक यादव गली थाना दीघा जिला पटना पर फायरिंग की घटना में शामिल था, जिसमें राजु राय के चालक विकास कुमार उर्फ सूर्यकान्त कुमार पे0 रामरतन राय सा0 रामजी चक थाना दीघा जिला पटना की गोली लगने से मौके पर मौत हो गई थी।
- उक्त अपराधकर्मी के विरूद्ध पटना एवं वैशाली जिला के विभिन्न थानों में हत्या, अपहरण, एवं आर्म्स एक्ट सहित कई कांड दर्ज है।

STF